कड़ी सुरक्षा के बीच शिक्षक एम.एल.सी. चुनाव के लिए 79.01 प्रतिशत मतदान

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। कड़ी सुरक्षा के बीच आज शिक्षक एम.एल.सी. का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव छिट-पुट वारदातों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। गोरखपुर-अयोध्या खण्ड निर्वाचन क्षेत्र के 17 जिलों में कुल 79.01 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी के साथ कुल 16 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य मतपेटिकाओं में बंद हो गये। चुनाव को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए मण्डलायुक्त, डी.आई.जी., एस.एस.पी. एवं डी.एम. समेत तमाम अधिकारी पूरे दिन भाग दौड़ करते रहे। फिर इतने बड़े निर्वाचन क्षेत्र में छिट-पुट वारदातें और झड़पे हुयी। वैसे पूरे क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डा. ध्रुव कुमार त्रिपाठी और सपा प्रत्याशी डा. संजयन त्रिपाठी के बीच काटे का मुकाबला दिखा। भाजपा को इस बार कुछ ज्यादा ही पसीना बहाना पड़ा। अब सभी की निगाहें 27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। उसी दिन मतगणना के बाद स्पष्ट होगा कि शिक्षक मतदाताओं का भरोसा किस प्रत्याशी पर कायम हुआ और किसके सिर जीत का ताज सजेगा। चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद मतों की गिनती के बाद होगा। इस चुनाव में 17 जिलों के शिक्षक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। मतदान के लिए निर्धारित समय शुक्रवार सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक था। शाम चार बजे मतदान की अवधि पूरी होने तक 79.01 प्रतिशत मतदान



❖ 16 प्रत्याशियों का किस्मत मतपेटिकाओं में बंद ❖27 को होगी मतगणना

दर्ज किया गया। मतदान प्रतिशत से चुनाव में शिक्षक मतदाताओं की भागीदारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई। इस बार चुनाव मैदान में कुल 16 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. संजयन त्रिपाठी के बीच मुकाबले पर विशेष नजर है। इनके अलावा अजय सिंह, डॉ. राकेश सिंह, राजीव यादव, सत्यपाल सिंह, डॉ. शरदेंदु कुमार त्रिपाठी, निरंकार राम त्रिपाठी, अजीत कुमार सिंह, देव भास्कर तिवारी, राजेश पांडेय, शिव श्याम यादव, दिनेश कुमार मिश्र, पंकज कुमार, राकेश कुमार तिवारी और राम प्रताप राम भी चुनाव मैदान में हैं। मतदान समाप्त होने के साथ ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच जीत-हार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। अलग-अलग क्षेत्रों से मिले मतदान के रुझानों और मतदाताओं की भागीदारी को लेकर प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में परिणाम आने की उम्मीद लगाए हुए हैं। हालांकि, वास्तविक स्थिति मतगणना के बाद ही सामने आएगी।शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का यह चुनाव राजनीतिक दलों के साथ-साथ शिक्षक संगठनों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए चुनाव प्रचार के दौरान शिक्षकों से संपर्क किया और अपनी प्राथमिकताओं को उनके सामने रखा। अब मतदाताओं ने किस प्रत्याशी के पक्ष में कितना समर्थन दिया है, इसका आकलन मतगणना के बाद ही किया जा सकेगा। मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मतगणना की तारीख 27 अक्टूबर निर्धारित है। इसी दिन मतों की गिनती के बाद चुनाव परिणाम घोषित होने की उम्मीद है। परिणाम से स्पष्ट होगा कि 17 जिलों के शिक्षक मतदाताओं ने किस प्रत्याशी को अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए सबसे अधिक समर्थन दिया है। फिलहाल, सभी 16 प्रत्याशियों की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं और शिक्षक एमएलसी चुनाव के परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी हुई है।

दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश नंद कुमार ने देवरिया जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के भृगुसारी निवासी अभियुक्त ओम प्रकाश निषाद को दस साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद पांडेय एवं रविन्द्र सिंह का कहना था कि अभियुक्त तांत्रिक धोखा है और पीड़िता उसके पास झाड़ फूंक कराने जाती थी।उसी समय अभियुक्त ने पीड़िता को धोखे से नशे की गोली खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। उसी वीडियो को दिखाकर अभियुक्त पीड़िता के घर आने जाने लगा और कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। 18 जुलाई 2023 को पीड़िता के देवर ने दोनों को नग्न अवस्था में देख लिया तो अभियुक्त वहां से भाग गया और पीड़िता के देवर को फोन करके धमकी दिया कि थाने पर सूचना देने गये तो तुम्हारी हत्या करवा दूंगा और अस्लील वीडियो पीड़िता के देवर के मोबाइल पर भेज दिया।

मंडलायुक्त, डीआईजी ने कई मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। मण्डलायुक्त, रिटर्निंग ऑफिसर गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, इन्द्र विक्रम सिंह एवं एस. चन्नप्पा, पुलिस उप महानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 के अन्तर्गत मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मतदान दिवस पर विभिन्न मतदान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मतदान केन्द्र संख्या 50 राजकीय जुबली इण्टर कॉलेज मिया बाजार तथा मतदान केन्द्र संख्या 48 पं. दीनदयाल उपाध्याय गो.वि.वि., गोरखपुर के निरीक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबन्धों तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन का जायजा लिया गया। मतदान केन्द्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारी, मतदान कर्मियों को निर्देशित किया गया कि मतदान प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न करायी जाये तथा मतदान की गोपनीयता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं बनाये रखने तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न कार्मिकों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। केन्द्रों पर तैनात माइक्रो ऑब्जर्वर से पुछ-ताछ कर पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण मतदान कराने की अपेक्षा की गयी। इसके उपरान्त रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान के पश्चात मतपेटियों को सुरक्षित रखने हेतु पं. दीनदयाल उपाध्याय गो.वि.वि., गोरखपुर के वाणिज्य भवन में बनाये गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतपेटियों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा सुरक्षा में तैनात कार्मिकों की व्यवस्था को देखा गया।



डीएम दीपक मीणा ने लिया जायजा

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव के तहत शुक्रवार को गोरखपुर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा



व्यवस्था के बीच मतदान कराया जा रहा है। मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दीपक मीणा ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए मतदान की स्थिति का आकलन किया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदाताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान की अनुमति दी जा रही है। केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन समेत प्रतिबंधित वस्तुएं ले जाने पर रोक लगाई गई है। मतदान की गोपनीयता बनाए रखने और निर्वाचन प्रक्रिया को नियमानुसार संपन्न कराने के लिए प्रवेश के दौरान निर्धारित प्रतिबंधों का पालन कराया जा रहा है।जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। प्रशासन की प्राथमिकता है कि शिक्षक मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

मंडलायुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम से 17 जिलों के मतदान पर रखी गई नजर

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर मंडलायुक्त कार्यालय के पुराने सभागार में स्थापित कंट्रोल रूम से शुक्रवार को 17 जनपदों में चल रहे मतदान की लगातार निगरानी की गई। सहायक रिटर्निंग अफसर एवं अपर आयुक्त प्रशासन अजय राय अपने सहयोगी अपर आयुक्त न्यायिक राजेश श्रीवास्तव और कर्मचारियों के साथ पूरे दिन मतदान से संबंधित सूचनाएं जुटाते रहे। कंट्रोल रूम के माध्यम से विभिन्न जनपदों में मतदान की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई और निर्वाचन प्रक्रिया पर नजर रखी गई।

❖ पुराने सभागार में बनाया गया कंट्रोल रूम, सहायक रिटर्निंग अफसर अजय राय और अपर आयुक्त न्यायिक राजेश श्रीवास्तव कर्मचारियों के साथ लेते रहे मतदान की रिपोर्ट

शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए निर्धारित मतदान के दौरान कंट्रोल रूम में अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम सक्रिय रही। विभिन्न जनपदों से मतदान की प्रगति, मतदाताओं की भागीदारी और मतदान केंद्रों पर चल रही प्रक्रिया से संबंधित रिपोर्ट प्राप्त की जाती रही। इन सूचनाओं के आधार पर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मतदान की स्थिति का लगातार आकलन किया गया।सहायक रिटर्निंग अफसर अजय राय और अपर आयुक्त न्यायिक राजेश श्रीवास्तव ने कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर 17 जनपदों से आने वाली सूचनाओं का संकलन किया। कंट्रोल रूम का उद्देश्य मतदान की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखना, संबंधित जनपदों से सूचनाओं का आदान-प्रदान बनाए रखना और निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों को व्यवस्थित ढंग से संकलित करना रहा।गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार तीन मंडलों के 17 जनपदों में है। ऐसे में सभी जनपदों में मतदान की स्थिति की जानकारी एक जगह उपलब्ध कराने के लिए कंट्रोल रूम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



डीएवी डिग्री कालेज में सपा प्रत्याशी डा.संजयन त्रिपाठी के बूथ निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों के बीच हुआ विवाद

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय :- आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
व्यवसायिक कार्यालय:-आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बान्द्रा-कुर्ला, काम्प्लैक्स मुम्बई-400 051

सोने की नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए, नोटिस जारी किया गया था।
भुगतान में विफल रहने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **23 नवम्बर, 2026** को की जाएगी। यदि उधारकर्ता की मृत्यु हो जाती है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम : अमेठी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, राजपूत कॉम्प्लेक्स, नंबर 106/2 सरवनपुर, वार्ड नंबर 10, अमेठी सुल्तानपुर जिला, उ०प्र० - 227405
089262002525	सुनील कुमार	
शाखा का नाम : बागपत		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 257 दिल्ली रोड, बागपत - 250609
176757000179	कुमारी रेशु	
176757000113	विशाखा विकल	
शाखा का नाम : बरौत		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 256, रेलवे क्रॉसिंग के पास, मेरठ रोड, बड़ौतबागपत जिला उ०प्र० - 250611
080957000130	रोहित कुमार	
शाखा का नाम : बेहट		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बस स्टैंड के पास, मोहल्ला सड़क पार, बेहट, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश - 247121
321257000533	खुशनूद रब्बानी	
321257000403	मुस्तकीम मुस्तकीम	
शाखा का नाम : बीसलपुर-उत्तरप्रदेश		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बारह पत्थर रोड - 262201
321057000129	गुफरान बेग	
321057000133	गुफरान बेग	
शाखा का नाम : बदायूं		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1324, रेलवे स्टेशन रोड इंदिरा चौक, सिविल लाइन्स, बदायूँ, उत्तर प्रदेश - 243601
245857000052	उजमा परवीन	
शाखा का नाम : बुधाना		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 659/1, पश्चिम पछला, कांधला रोड, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश - 251309
178357000430	आसिफ आसिफ	
178357000428	निखिल पवार	
178357000510	अन्जुम अन्जुम	
शाखा का नाम : फतेहपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बॉम्बे लॉज, खेलदार मोहल्ला, जी.टी. रोड, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश - 212601
081457000084	सनी यादव	
शाखा का नाम : गजरौला		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, धनौरा रोड, लक्ष्मी नगर, गजरौला, अमरोहा, उत्तर प्रदेश - 244235
176557000376	मो०सफर खान	
शाखा का नाम : गाजियाबाद-लोहियानगर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, C 6, लोहिया नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201001
शाखा का नाम : गाजियाबाद-शाहिबादवाद साईट-4		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, यूनिट नंबर ए 43 और ए 44, पैसिफिक बिजनेस पार्क, साइट-4, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201010
590657000005	अमन सोनी	
शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा-सेक्टर-01		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शॉप नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6, पैरामाउंट इमोशंस, प्लॉट नंबर जीएच-05ए सेक्टर-01, ग्रेटर नोएडा - 201306
723857000189	विकास राय शर्मा	
शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा-ओमेगा-01		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ओमेगा 1, P 2, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर बिल्डर्स एरिया, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर जिला, उत्तर प्रदेश - 201308
218305004245	सय्यद आसिफ रजा	
शाखा का नाम : हापुड़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1078, त्रिवेणी गंज, गढ़-दिल्ली रोड, हापुड, उत्तर प्रदेश - 245101
245857000184	शुभम सिंघल	
245857000226	प्रशान्त प्रशान्त	
245857000232	प्रशान्त प्रशान्त	
245857000195	संध्या चौहान	
शाखा का नाम : हाथरस		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मोती राम की जीन, आगरा रोड, सादाबाद गेट, हाथरस, उत्तर प्रदेश -204101
088905001585	ओमवती देवी	
शाखा का नाम : कैराना		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 696, सत्यम कॉलोनी, कैराना, शामली, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश - 247774
320957000303	रिजवान रिजवान	
320957000315	नजमा खातून	
शाखा का नाम : कसिया		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 909, इंद्रा नगर, वार्ड नंबर 12, सपहा रोड, पीओ कसिया, जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश-274402
320662004471	दुर्गेश दुर्गेश	
शाखा का नाम : मिर्जापुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 64, मिशोन कंपाउंड, रमईपट्टी, मिर्जापुर - 231001
081857085551	आसब अहमद	
081857085563	आसिफ अहमद सिद्दकी	
081862006570	मो० रफीक	
081857089629	प्रशानत कुमार पाण्डेय	
081857089770	प्रशान्त कुमार पाण्डेय	
081857085494	पूनम रानी श्रीवास्तव	
शाखा का नाम :नोएडा-सेक्टर 104		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- एसएच 01, हाजीपुर, सेक्टर 104 नोएडा, जिला: गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201304
788857000019	मयूर विनोद दवे	
शाखा का नाम :नोएडा-सेक्टर 119		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, हॉल नंबर 3 और 6, जी ब्लॉक, गौर ग्रांड्योर, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-119, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर जिला, उत्तर प्रदेश - 201305
250657000123	मनफूल सिंह	
शाखा का नाम : नोएडा-सहारा इण्डिया		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सहारा इंडिया मास कम्युनिकेशन सहारा इंडिया कॉलोनी सीजेड, सेक्टर 11 नोएडा - 201301
696757015049	प्रवीन आर्या	
शाखा का नाम : नोएडा-सेक्टर-61		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सुपरटेक शॉपप्रिक्स, सी 134 बी, सेक्टर 61 नोएडा, यूपी - 201307
025357000161	कपिल भारद्वाज	
025357000163	कपिल भारद्वाज	
शाखा का नाम : पडरौना		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 898/899, धर्मशाला रोड, पडरौना, कुशीनगर जिला, उत्तर प्रदेश - 274304
174257000336	अभिषेक तिवारी	
शाखा का नाम : पडरौना-सुभाष चौक		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 10, तिलक नगर, सुभाष चौक, पडरौना -274304, उत्तर प्रदेश
482457000128	गुड़िया मिश्रा	
शाखा का नाम : पुवायां		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खुट्टार रोड, पोवायां, जिला-सहजहांपुर, उत्तर प्रदेश- 242401
321362002721	रामवीर उर्फ गुड्डू	
शाखा का नाम : रूद्रपुर-देवरिया		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, इमामबाड़ा चौक, रुद्रपुर, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश - 274204
319557000368	मनीषा निषाद	
319505003606	बंदना पाण्डेय	
शाखा का नाम : सहारनपुर-अम्बाला रोड		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, दुकान नंबर 3, 4, 27, 28, 29 30, खजामी कॉम्प्लेक्स, अंबाला रोड, अमृत सिनेमा के पास, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश -247001
192357000069	सुदेश सुदेश	
शाखा का नाम : सरधाना		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बैंक के पास, टाउन हॉल रोड, सरधना, मेरठ सिंडिकेट, उत्तर प्रदेश - 250342
408005002133	मो० सुफियान	
408005002130	मो० उवैस कुरैशी	
शाखा का नाम : दिल्ली-विवेक विहार		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बी130, विवेक विहार, चरण I, दिल्ली - 110095
082905002560	विशेष मावी	
शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-31		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एससीओ नंबर 63, हुडा मार्केट, सेक्टर-31, फरीदाबाद, हरियाणा - 121003
488905000168	चेतेन्द्र कुमार	
शाखा का नाम : नई दिल्ली-दिलशाद गार्डन		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक बी, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली - 110095
113357000264	धीरज कुमार	
शाखा का नाम : पानीपत		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जी जी हैंडलूम, सामने। मिड टाउन होटल, जी.टी. रोड, पानीपत, हरियाणा - 132103
017457000297	रिजवान रिजवान	
शाखा का नाम :रूद्रपुर-यू.एस.नगर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 43/2/1 मिन, गावा राइस मिल कंपाउंड, काशीपुर बाईपास रोड, रुद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-263153
160057000101	गुरुप्रीत सिंह	

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।
दिनांक: 24-10-2026
स्थान: गौतमबुद्धनगर, अमरोहा, देवरिया, गाजियाबाद, गोरखपुर, हापुड़, कुशीनगर, मेरठ, बदायूं, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, सहारपुर, मिर्जापुर, अमेठी, फतेहपुर, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, हाथरस

भवदीय, हस्ताक्षरकर्ता/-
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को संपन्न हुए मतदान के बाद मतपेटियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मतपेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था और वहां तैनात पुलिस बल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह मुस्तैद रखा जाए और ड्यूटी पर तैनात



पुलिसकर्मी निर्धारित जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में 17 जिलों के शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। मतदान समाप्त होने के बाद अब सभी 16 प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों में बंद है। आगामी 27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना को देखते हुए मतपेटियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। ऐसे में पुलिस प्रशासन की ओर से स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है, ताकि मतगणना तक निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाएं सुरक्षित और व्यवस्थित बनी रहें। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंधों पर लगातार निगरानी रखने और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी कैंट एवं अपराध, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

वैदिक मंत्रों के साथ हुआ भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। श्री रामलीला समिति आर्य नगर मानसरोवर की 109वें वर्ष की



ऐतिहासिक रामलीला का समापन देर रात भगवान श्रीराम के भव्य राज्याभिषेक के साथ हुआ। आज आर्य नगर मंच पर भरत, गुरु वशिष्ठ आदि के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने भगवान श्रीराम का राजतिलक कर आरती की। समिति के अध्यक्ष पुष्पदंत जैन ने भी आरती की। पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनका जीवन परोपकार के लिए था। उन्होंने अपने राज्य में समरस समाज की स्थापना की थी। भगवान राम का राज्य तिलक करके मैं अपने आप को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। श्री रामलीला समिति आर्य नगर का यह प्रयास सराहनीय है, हम सभी सनातनी हैं। सनातन सदैव सबके कल्याण की कामना करता है। आरती के पश्चात समिति के सभी पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि नगर आयुक्त अजय जैन द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। तथा अध्यक्ष पुष्पदंत जैन ने मुख्य अतिथि को श्रीराम की मूर्ति अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य बृजेश मणि मिश्रा ने किया। अध्यक्ष पुष्पदंत जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी बृजेश मणि मिश्रा, विक्रम योगी, मनीष अग्रवाल, दीप अग्रवाल, सुधीर जैन, पीयूष अग्रवाल,अनुपम गुप्ता,जितेंद्र अग्रवाल जीतू, संतोष राजभर, विकास जालान,नवोदित त्रिपाठी, जयदीप सिंह,विजय अग्रहरि, भागवत दास अग्रवाल, के.वी. अग्रवाल, शीतल मिश्रा, अभिषेक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक गुप्ता, केदार अग्रवाल, पवन गुप्ता, गंगेश्वर त्रिपाठी, शैलेश कुशवाहा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

जैव विविधता एवं प्राकृतिक संतुलन के लिए भी आवश्यक है वृक्ष-महाप्रबंधक

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। पूर्वोत्तर रेलवे पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप समय-समय पर पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबन्धन तथा अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों का निरन्तर आयोजन करता है। इसी क्रम में, महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के मुख्य आतिथ्य में 23 अक्टूबर को रेलवे मॉडल कॉलानी, बिछिया स्थित गोल पार्क, गोरखपुर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल, प्रमुख विभागाध्यक्ष, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माणअनुज मित्तल एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित की। इस अवसर पर महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का आधार ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संतुलन के लिये भी अत्यंत आवश्यक हैं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण एवं घटते हरित क्षेत्र की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिये पौधारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने कार्यस्थल एवं निवास के आस-पास अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पार्क में छायादार, फलदार एवं पर्यावरण के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गये। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा प्रकृति के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया, जिससे लगाये गये पौधे विकसित होकर स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के इस जन-अभियान को जन-भागीदारी के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाने का संदेश दिया। यह पौधारोपण कार्यक्रम पूर्वोत्तर रेलवे की पर्यावरण संरक्षण के प्रति सतत प्रयास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो हरित एवं स्वच्छ रेलवे परिसर के निर्माण के साथ-साथ समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।



❖ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन